भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 427

जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2024 को दिया जाना है ।

2 श्रावण, 1946 (शक)

उत्पादन संबद्ध योजना

427. श्री ससिकांत सेंतिलः

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं चलाती है;

(ख) यदि हां, तो पीएलआई योजना के अंतर्गत प्रतिबद्ध निवेश और उत्पादन लक्ष्यों सहित चयनित कंपनियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त योजनाओं के अंतर्गत कंपनियों के चयन के पश्चात् अपने उत्पादन अथवा निवेश मानदंड अथवा इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की समय-सीमा में परिवर्तन किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या कंपनियों ने अपने निवेश लक्ष्यों को पूरा कर लिया है;

(च) क्या निवेश का स्तर ग्रीनफील्ड अथवा ब्राउनफील्ड के लिए है; और

(छ) यदि हां, तो निवेश का राज्य-वार और जिला-वार स्तर क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क): जी, हाँ । राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी नीति (एनपीई), 2019 के तत्वावधान में, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निम्नलिखित उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं को अधिसूचित किया है:

1. बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) दिनांक 01.04.2020 को अधिसूचित की गई।

2. आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) दिनांक 03.03.2021 को अधिसूचित की गई। इसके अलावा, आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 को दिनांक 29.05.2023 को अधिसूचित किया गया था।

(ख): बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के तहत, कुल 32 कंपनियों को 11,324 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश और 10,70,000 करोड़ रुपये के अनुमानित उत्पादन लक्ष्य के साथ अनुमोदित किया गया था।

आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना के तहत, कुल 14 कंपनियों को 2,517 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश और 1,60,751 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध उत्पादन लक्ष्य के साथ मंजूरी दी गई थी। आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 के तहत, कुल 27 कंपनियों को 2,955 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश और 3,51,647 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध उत्पादन लक्ष्य के साथ अनुमोदित किया गया था। आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई

योजना के 14 आवेदकों में से 13 आवेदकों को आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 में माइग्रेट किया गया है।

(ग) और (घ): सरकार ने योजना के तहत कंपनियों के चयन के बाद बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना, आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना और आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई 2.0 के तहत उत्पादन या निवेश मानदंड में कोई बदलाव नहीं किया है।

हालांकि, कोविड-19 महामारी से प्रभावित पीएलआई योजना के तहत अनुमोदित कंपनियों को राहत प्रदान करने के लिए माननीय केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री द्वारा दिनांक 28.06.2021 को की गई घोषणा के अनुसार, बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना का कार्यकाल एक वर्ष यानी 2024-25 से 2025-26 तक बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में अधिसूचना दिनांक 23.09.2021 को जारी की गई थी। भाग लेने वाली कंपनियां योजना के तहत अपने उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 2025-26 तक कोई भी पांच वर्ष की अवधि चुनने के विकल्प का उपयोग कर सकती हैं।

(ङ): 31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार, बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के तहत कंपनियों द्वारा किया गया संचयी निवेश मार्च-2024 तक 9,653 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश के मुकाबले 8,069 करोड़ रुपये है।

31.03.2024 तक की स्थिति के अनुसार, आईटी हार्डवेयर 2.0 के लिए पीएलआई योजना के तहत कंपनियों द्वारा किया गया संचयी निवेश मार्च-2024 तक 56 करोड़ रुपये के प्रतिबद्ध निवेश की तुलना में 249.46 करोड़ रुपये है।

(च) और (छ): बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण के लिए पीएलआई योजना के तहत अनुमोदित 32 कंपनियों में से 7 ग्रीनफील्ड कंपनियां हैं और 25 ब्राउनफील्ड कंपनियां हैं। दिनांक 30.06.2024 तक योजना के तहत किए गए आईएनआर 8,282 करोड़ के संचयी निवेश में से, ग्रीनफील्ड कंपनियों द्वारा किया गया संचयी निवेश आईएनआर 3,136 करोड़ है और ब्राउनफील्ड कंपनियों द्वारा किया गया संचयी निवेश आईएनआर 5,146 करोड़ है।

आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 के तहत अनुमोदित 27 कंपनियों में से 6 ग्रीनफील्ड कंपनियां हैं और 21 ब्राउनफील्ड कंपनियां हैं। दिनांक 30.06.2024 तक आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना और आईटी हार्डवेयर के लिए पीएलआई योजना 2.0 में किए गए 464.66 करोड़ के संचयी निवेश में से, ब्राउनफील्ड कंपनियों द्वारा किया गया निवेश 386.09 करोड़ और ग्रीनफील्ड कंपनियों द्वारा किया गया निवेश 78.57 करोड़ है।

*****